भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 308
बुधवार, दिनांक 27 नवम्बर, 2024 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>सौर ऊर्जा नीति</u>

308. श्री दामोदर अग्रवालः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार की सौर ऊर्जा नीति का ब्यौरा क्या है और इसकी मुख्य विशेषताएं क्या हैं;

(ख) राजस्थान राज्य विशेषकर भीलवाड़ा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में उक्त नीति के कार्यान्वयन की जिले-वार स्थिति क्या है;

(ग) घरेलू स्तर पर सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए चल रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार राजस्थान राज्य में घरेलू उपयोग के लिए छोटी छत सौर प्रणाली स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है; और

(ङ) यदि हां, तो भीलवाड़ा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित जिले-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) से (ग): देश में सौर ऊर्जा के विकास को बढ़ावा देने के लिए, जनवरी 2010 में राष्ट्रीय सौर मिशन (एनएसएम) की शुरुआत की गई थी, जिसके तहत सरकार ने समय-समय पर विभिन्न योजनाएं शुरू की हैं। चल रही योजनाओं की सूची अनुलग्नक-I में दी गई है। दिनांक 31.10.2024 की स्थिति के अनुसार, भीलवाड़ा संसदीय क्षेत्र सहित राजस्थान राज्य में लगभग 24.55 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित की गई है।

(घ) और (ङ): पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना (पीएम-एसजीएमबीवाई) का लक्ष्य देश भर में एक करोड़ घरों में रूफटॉप सौर प्रणालियों (आरटीएस) की स्थापना को सुविधाजनक बनाना है।

इस योजना का कुल परिव्यय 75,021 करोड़ रु. है और राजस्थान राज्य सहित देश भर में रूफटॉप सौर प्रणालियों (आरटीएस) की स्थापना के लिए इसे वित्त वर्ष 2026-27 तक क्रियान्वित किया जाना है।

दिनांक 21 नवंबर, 2024 की स्थिति के अनुसार, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत राजस्थान के विभिन्न जिलों में वितरित केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) का जिला-वार विवरण अनुलग्नक-II में दिया गया है।

अनुलग्नक-I

'सौर ऊर्जा नीति' के संबंध में पूछे गए दिनांक 27.11.2024 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 308 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I

देश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं की सूची

1. 40,000 मेगावाट की सौर विद्युत परियोजनाओं का लक्ष्य रखते हुए, कम से कम 50 सौर पार्कों की स्थापना के लिए सौर पार्क योजना।

2. सरकारी उत्पादकों द्वारा व्यवहार्यता अंतराल वित्तपोषण (वीजीएफ) से 12,000 मेगावाट की ग्रिड-कनेक्टेड सौर पीवी विद्युत परियोजनाएं स्थापित करने की योजना।

3. प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम)।

4. आवासीय क्षेत्र में एक करोड़ रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित करने के लिए पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना।

5. प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) और धरती आभा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीए जेजीयूए) के अंतर्गत नई सौर विद्युत योजना (जनजाति और पीवीटीजी बस्तियों/गांवों के लिए)।

6. "राष्ट्रीय उच्च दक्षता सौर पीवी मॉड्यूल कार्यक्रम" के तहत उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना।

7. इंट्रा-स्टेट ट्रांसमिशन प्रणाली के लिए ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर योजना।

अनुलग्नक-II

'सौर ऊर्जा नीति' के संबंध में पूछे गए दिनांक 27.11.2024 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 308 के भाग (घ) और (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-II

दिनांक 21 नवंबर, 2024 तक की स्थिति के अनुसार, केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) का जिला-वार (राजस्थान) विवरण

| राजस्थान के जिले | उपभोक्ताओं की संख्या | कुल वितरित सीएफए राशि |
|---|---|---|
| अजमेर | 491 | 3,82,59,210 |
| अलवर | 314 | 2,43,55,020 |
| अनूपगढ़ | 61 | 47,43,150 |
| बलोतरा | 18 | 14,04,000 |
| बांसवाड़ा | 106 | 82,68,000 |
| बारन | 51 | 39,67,650 |
| बाड़मेर | 53 | 41,34,000 |
| ब्यावर | 152 | 1,18,45,650 |
| भरतपुर | 50 | 39,00,000 |
| भीलवाड़ा | 355 | 2,76,90,000 |
| बीकानेर | 619 | 4,81,64,100 |
| बूंदी | 68 | 52,65,750 |
| चित्तौड़गढ़ | 441 | 3,43,91,070 |
| चुरू | 172 | 1,33,89,720 |
| दौसा | 72 | 55,89,720 |
| डीग | 1 | 78,000 |
| धौलपुर | 68 | 53,03,460 |
| डिडवाना कुचामन | 63 | 48,93,120 |
| डूडू | 2 | 1,56,000 |
| डूंगरपुर | 85 | 66,24,600 |
| गंगानगर | 881 | 6,86,28,000 |
| गंगापुरसिटी | 14 | 10,92,000 |
| हनुमानगढ़ | 705 | 5,48,97,300 |
| जयपुर | 3699 | 28,81,98,000 |
| जयपुर ग्रामीण | 55 | 42,90,000 |
| जैसलमेर | 10 | 7,80,000 |
| जालौर | 40 | 31,20,000 |
| झालावाड़ | 42 | 32,76,000 |

| राजस्थान के जिले | उपभोक्ताओं की संख्या | कुल वितरित सीएफए राशि |
|---|---|---|
| झुंझुनू | 377 | 2,93,62,080 |
| जोधपुर | 1129 | 8,80,27,980 |
| जोधपुर ग्रामीण | 25 | 19,50,000 |
| करौली | 38 | 29,64,000 |
| केकड़ी | 46 | 35,88,000 |
| खैरथाल-तिजारा | 6 | 4,68,000 |
| कोटा | 581 | 4,52,11,980 |
| कोटपुतली-बहरोड़ | 29 | 22,16,640 |
| नागौर | 273 | 2,12,46,390 |
| नीम का थाना | 33 | 25,74,000 |
| पाली | 136 | 1,05,63,180 |
| प्रतापगढ़ | 88 | 68,32,320 |
| राजसमंद | 112 | 87,36,000 |
| सालुम्बर | 8 | 6,24,000 |
| सांचोर | 4 | 3,12,000 |
| सवाई माधोपुर | 64 | 49,92,000 |
| शाहपुरा | 46 | 35,72,520 |
| सीकर | 708 | 5,51,42,280 |
| सिरोही | 66 | 51,32,880 |
| टोंक | 57 | 44,46,000 |
| उदयपुर | 892 | 6,94,83,480 |
| कुल | 13,406 | 1,04,41,49,250 |

*****